**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**11.04.2026/प्रादेशिक समाचार/11:00बजे**

## हरोली उत्सव

ऊना जिला का चार दिवसीय राज्य स्तरीय हरोली उत्सव आज से शुरू होगा। 14 अप्रैल तक आायेजित किए जा रहे इस उत्सव के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। हरोली उत्सव का शुभारंभ आज शाम पांच बजे मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू करेंगे। वे बस अड्डा हरोली से आयोजन स्थल तक आयोजित होने वाली भव्य शोभायात्रा की अगुवाई के उपरांत हरोली मैदान, रौड़ा में समारोह का विधिवत उद्घाटन करेंगे। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री उनके इस साथ मौजूद होंगे। हरोली उत्सव के दौरान सांस्कृतिक संध्याओं के अलावा विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज ऊना जिला के प्रवास के दौरान हरोली के पोलियां में राष्ट्रीय महत्व की बल्क ड्रग पार्क परियोजना के साइट विकास और अवसंरचना कार्यों की आधारशिला रखेंगे। इस पर 250 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे। मुख्यमंत्री पंजुआना में 8 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले वर्किंग महिला होस्टल का भी शिलान्यास करेंगे। इस मौके पर उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री तथा उद्योग व संसदीय मामले मंत्री हर्षवर्धन भी उनके साथ मौजूद रहेंगे।

## वीबीजी राम जी–केवाईसी

केंद्र सरकार द्वारा विकसित भारत– गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) वीबीजी–राम–जी के तहत काम करने वाले श्रमिकों के लिए डिजिटल केवाईसी अनिवार्य कर दी गई है। यह प्रक्रिया जॉब कार्ड की सत्यता जांचने, फर्जी नामों को हटाने और सीधे बैंक खाते में भुगतान सुनिश्चित करने के लिए की जा रही है। इसके लिए नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम ऐप के माध्यम से ग्राम रोजगार सहायक, मेट या सुपरवाइजर कार्यस्थल पर ही श्रमिक की लाइव सेल्फी लेकर आधार डेटाबेस से मिलान करते हैं। ऊना जिला में इस योजना के तहत 38 हजार 994 कामगारों में से 37 हजार 953 कामगारों की उनके आधार नंबर से डिजिटल इकेवाईसी करके 99 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया गया है।

**अधिक ब्यौरे हमारे ऊना जिला संवाददता से.....**

*ऊना जिला में वीबीजी राम जी योजना के तहत पंजीकृत  38 हजार 994 कामगारों में से 37 हजार 953 कामगारों की उनके आधारकार्ड से उनके ई केवासी करके 99 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया गया है इसके अलावा जिले के 229 ग्राम पंचायत में से 55 पंचायतों में इन श्रमिकों की हाजरी चेहरे से स्केन करने वाली ऑथेटिकेशन वाली मशीन माध्यम से दर्ज की जा रही है वित्त वर्ष 2022–23 से अब तक इस योजना के तहत 94 प्रतिशत के लक्ष्य के विकासकार्य प्राप्त किए जा चुके है श्रमिकों की ई केवाईसी होने से न केवल कार्य दिवस का भुगतान करने में*

*पारदर्शिता आ रही है न केवल कार्य का भुगतान करने में भी सुलभ हो रहा है आकाशवाणी के लिए ऊना से मैं राजेश शर्मा।*

**ज्योतिबा फुले**

समाज सुधारक और महान जनसेवक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर आज राष्ट्र उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। 1827 में आज ही के दिन जन्मे महात्मा फुले ने अपनी पत्नी सावित्री फुले के साथ मिलकर महिला शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए। इसके साथ ही उन्होंने जाति व्यवस्था और छुआछूत जैसी सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने के लिए संघर्ष किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित प्रमुख सांसदों और गणमान्य व्यक्तियों ने संसद भवन परिसर में प्रेरणा स्थल पर ज्योतिबा फुले को पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर देश के विभिन्न हिस्सों में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग द्वारा जारी ताजा पूर्वानुमानों में कहा गया है कि 15 अप्रैल से हिमालय क्षेत्र में ताजा पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इसके प्रभाव से राज्य में फिर से वर्षा, बर्फबारी, अंधड़ और आंधी तूफान की सम्भावना है। विभाग ने 15 और 16 अप्रैल को इसके लिए यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने आज राज्य के 5 जिलों चम्बा, कांगड़ा, कुल्लू, मण्डी और शिमला में अलग–अलग स्थानों पर 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने, अंधड़ और आसमानी बिजली गिरने का यलो अलर्ट जारी किया है। 13 और 14 अप्रैल को राज्य में मौसम के साफ बने रहने की सम्भावना है। इस बीच मौसम में आए इस बदलाव से सेब तथा गुठलीदारा फलों तथा मटर और गेहूं की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। किसानों व बागवानों ने इस देखते हुए मदद की मांग की है।

**विभिन्न–किसान–बागवान**

*मेरा नाम शिवपाल जम्वाल मैं डोडरा क्वार फ्लावरिंग हो रही थी खराब मौसम की बजह से सारा खत्म हो गया ऑले गिर रहे है सेब खत्म रोजी रोटी, ऑले ने जला दिया, सेब, पलम्प आड़ू फलफ्रूट जो थे सब खत्म कर दिया मौसम ने मैं श्यामलाल शर्मा चौपाल सर्दियों में बर्फबारी न होने से बेमौसमी बर्फ पढ़ने गिरने से बहुत ज्यादा नुकसान हुआ क्योंकि बीच में मौसम एक दम गर्म हो गया था जिसे फ्लावरिंग पिंगवर्ड निकलने लग गए थे मौसम इस कदर चैंज हो गया है की बागवानों को बहुत ज्यादा नुकसान हुआ है और इस नुकसान की भरपाई होना बहुत मुश्किल है।*

**आरबीआई–उत्कर्ष 2029**

भारतीय रिज़र्व बैंक ने अप्रैल 2026 से मार्च 2029 की अवधि के लिए अपना मध्यम–अवधि के लिए रणनीति रूपरेखा उत्कर्ष 2029 जारी की है। इस रूपरेखा का उद्देश्य संस्था में व्यावहारिक उत्कृष्टता लाना है। एक बयान में आरबीआई ने कहा कि इस रूपरेखा में छह रणनीतिक स्तंभ शामिल हैं, प्रत्येक स्तंभ में व्यापक, दूरदर्शी और मध्यम–अवधि के 49 लक्ष्य शामिल हैं, जिनमें नियमन, समावेशन, बाजार विकास, प्रौद्योगिकी, संगठनात्मक क्षमता और

वैश्विक एकीकरण शामिल हैं। इसका उद्देश्य एकीकृत ऋण इंटरफ़ेस–यूएलआई को व्यापक बनाना है ताकि ऋण तक पहुंच बढ़ाई जा सके और वित्तीय क्षेत्र में एआई और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों के लिए नियामक ढांचे को मजबूत किया जा सके।

—————————————